भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-416
बुधवार, 16 सितम्बर, 2020/25 भाद्रपद, 1942 (शक)

रोजगार दर

416 श्री देरेक ओब्राईन:

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत बारह माह में देश में बेरोज़गारी की मासिक दर कितनी रही है, और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने देश में लगाए गए लॉकडाउन का रोजगार की स्थिति पर प्रभाव का आकलन करवाया है, और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत छह माहों में वैश्विक महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के कारण कितने लोगों ने अपनी नौकरी गंवाई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): रोजगार-बेरोजगारी पर वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं। पीएलएफएस 2018-19 के अनुसार, ऐसे सर्वेक्षण के आधार पर देश में सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 5.8% थी। कोरोना वायरस (कोविड-19) और फिर लगने वाले लॉकडाउन ने भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। कोविड-19 के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार अपने मूल निवास स्थानों पर वापस जा रहे हैं। सरकार ने स्थानीय स्तरों पर रोजगार सृजित करने हेतु पहल की हैं तथा प्रवासी कामगारों की प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई), आत्मनिर्भर भारत एवं प्रधान मंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान (पीएमजीकेआरए) के माध्यम से सहायता कर रही है। आत्मनिर्भर भारत अर्थव्यवस्था, अव-संरचना, व्यवस्था, व्यवस्था पूर्ण जनसांख्यिकी एवं मांग पर आधारित है जिससे युवाओं हेतु रोजगार सृजित हो। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ देश में रोजगार अवसरों के सृजन को सुकर हेतु बनाने 20 लाख करोड़ रु. का आर्थिक पैकेज शामिल है।

*****